# नोएडा में 125 करोड़ से बनेगा एआई सेंटर

## कोर ब्रांच के छात्रों को भी आधुनिक तकनीक से दिया जाएगा प्रशिक्षण

अक्षय कुमार

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने खुद को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित करने की ओर कदम बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन यूपी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (यूपीआईडी) नोएडा में 125 करोड़ से एआई सेंटर बनाएगा। इससे वह कोर ब्रांच के छात्रों को आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षण देगा। इसके लिए हाल ही में हुई वित्त समिति में बजट स्वीकृत कर दिया गया है।

**संबद्ध कॉलेजों के छात्रों को मिलेगी ऑनलाइन सुविधा**

विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछले दिनों एकेटीयू को एआई यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। इसके तहत वह एआई का प्रयोग कर अपने यहां परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र बनाने की शुरुआत कर चुका है। एआई लैब की सुविधा भी दे रहा है।

इसी क्रम में अब बड़े स्तर पर छात्रों, शिक्षकों व शोधार्थियों को इस क्षेत्र में दक्ष बनाने व जानकारी देने के लिए 125 करोड़ से एआई सेंटर बनाएगा। विवि प्रशासन का कहना है कि इस सेंटर में इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल व केमिकल इंजीनियरिंग से जुड़ी डिजाइनिंग, कंट्रोलिंग आदि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी से काम करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एआई से डिजाइनिंग भी की जाएगी और बारीक तरीके से कंट्रोल करने की जानकारी भी मिलेगी। इसके लिए इंडस्ट्री से रिसोर्स पर्सन व विशेषज्ञ रखे जाएंगे जो विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षकों को भी इस क्षेत्र में दक्ष करेंगे।

इसके साथ ही एआई सेंटर का फायदा संबद्ध 750 से अधिक कॉलेजों के छात्रों को भी मिलेगा। वह वीपीएन पर ऑनलाइन इस लैब का प्रयोग कर सकेंगे। इसके लिए कॉलेजों से एक टोकन शुल्क भी लिया जाएगा। ताकि वह इसका बेहतर प्रयोग करें। इसके लिए भी सेंट्रल रिसोर्स पर्सन रखे जाएंगे। जो यूपीआईडी नोएडा से पूरे प्रदेश की निगरानी भी करेंगे। बजट स्वीकृत होने के साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द इसकी औपचारिकता पूरी कर सेंटर की शुरूआत करेगा।

■ **सेमेस्टर परीक्षाएं आठ से, फाइनल कार्यक्रम जारी :** एकेटीयू की सत्र 2024-25 की विषम सेमेस्टर की यूजी-पीजी व कैरी ओवर परीक्षाएं आठ जनवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षाएं आठ जनवरी से सात फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। इस क्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षाओं का फाइनल कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार ने सभी संबद्ध संस्थानों को निर्देश दिया है कि वह अपने छात्रों को इससे अवगत कराएं।

**विवि को एआई यूनिवर्सिटी के रूप में करेंगे विकसित**

“ हम अपने विश्वविद्यालय को एआई यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं। इसके तहत यह सेंटर स्थापित किया जा रहा है। हम परीक्षा व अन्य क्षेत्रों में भी एआई का प्रयोग बढ़ा रहे हैं ताकि छात्रों को आने वाली जरूरत के अनुसार तैयार कर सकें।

**- प्रो. जेपी पांडेय,** कुलपति, एकेटीयू